# मोदी वाटिका की भाजपा कार्यकर्ता करेंगे देखरेख : डॉ . मिश्रा



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 5 जून।** भाजपा मोदी सरकार के 12 सफलतम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर स्थित मोदी वाटिका में पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ मिश्रा ने कहा कि पौधारोपण करने के साथ साथ रोपित किए गए पौधों की देखभाल करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में किए गए नवाचार के लिए भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मोदी वाटिका की देखरेख करने के लिए और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए संकल्पित होने हेतु प्रेरित किया।

**एक पेड़ लगाना आने वाली पीढ़ी को जीवन देना है : माधवेन्द्र सिंह** – विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम दतिया विगत दिवस विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में दतिया ब्लॉक के ग्राम भोय में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें। पीपल बरगद आँवला जामुन आम महुआ सहित कई तरह की विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री। माधवेन्द्र सिंह ने कहा कि।

एक पेड़ लगाना आने वाली पीढ़ी को जीवन देने जैसा है। आज के पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए कई तरह की बीमारियाँ हम सबको घेर रही हैं। वहीं वातावरण मौसम में उतार चढ़ाव देखते हुए कभी बाढ कभी सूखा कभी ठंड अत्यधिक गरमी होने का कारण पर्यावरण संरक्षण न होना है। उन्होंने सभी से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान भाई अपने अपने खेत के ऊपर एक पेड़ माँ। के नाम अपने परिवार के जन्म दिन पर अपने बुजुर्गों की श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अवश्य लगाएं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस परिसर में हुआ वृक्षारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल एवं डीएफओ मोहम्मद माज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिकारियों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पक्षियों के लिए सकोरों में पानी और दाना भी रखा गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा पौधारोपण के साथ उसकी देखभाल भी आवश्यक है।



## कटी रोड का प्रशासन तत्काल भराव करे : दांगी

**दतिया, 5 जून।** आज लाला के तालाब पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम तहसीलदार बृजमोहन आर्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की दो वर्ष पहले भारी बारिश होने के कारण लाला के तालाब के सामने बाला रोड कट गया था प्रशासन ने दो वर्षों से लाला के तालाब का भराव नहीं करवाया ज्ञापन में मांग की लाला के तालाब के सामने बने रोड को तत्काल प्रभाव से रोड भरे बरना जिला कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया धरनें को पूर्व विधायक घनश्याम सिंह एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अवधेश नायक ने भी संबोधित करते हुए प्रशासन को आड़े हाथों लिया प्रशासन तत्काल सर्वे करवा कर भराव आरंभ किया जाए धरना प्रदर्शन को पूर्व विधायक घनश्याम सिंह कांग्रेस वरिष्ठ नेता प्रीतम मिञा, महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव मांडवी राजे आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 5 जून।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित च्संपर्क अभियानज्ञ के अंतर्गत आज ग्राम दुरसड़ा में आयोजित वृहद जनसेवा शिविर में जिला कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेड़े ने सहभागिता कर आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया। शिविर के दौरान कलेक्टर महोदय ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री धर्मेन्द्र कौशिक द्वारा कलेक्टर महोदय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर महोदय ने शिविर परिसर का भ्रमण कर विभिन्न विभागीय काउंटरों का अवलोकन किया तथा उपस्थित उपभोक्ताओं से चर्चा कर विद्युत सेवाओं एवं विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बिजली शिक्षा, कृषि, उद्योग, रोजगार एवं आधुनिक जीवन की आधारभूत आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में विद्युत संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए। कलेक्टर महोदय ने विद्युत चोरी के विरुद्ध जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि सफेद तार अथवा अन्य किसी भी माध्यम से अवैध विद्युत उपयोग कानूनन अपराध है तथा इससे विभाग एवं ईमानदार उपभोक्ताओं दोनों को नुकसान होता है। यहां श्री संदीप अग्रवाल द्वारा स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, रियल टाइम ऊर्जा खपत की निगरानी, पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर महोदय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर विद्युत प्रबंधन एवं उपभोक्ता सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

धर्मेन्द्र कौशिक ने बताया कि संपर्क अभियान के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बिल सुधार, नाम परिवर्तन, भार परिवर्तन, नवीन कनेक्शन, ई-केवाईसी, समाधान योजना, स्मार्ट मीटर संबंधी जानकारी, विद्युत सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री किसान हितग्राही जागरूकता तथा शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है।

अभियान के माध्यम से विभाग उपभोक्ताओं तक पहुंचकर समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित कर रहा है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक धर्मेन्द्र कौशिक, विनीत त्रिपाठी, सुश्री निहारिका मीणा , पी.एस. बघेल, संदीप अग्रवाल, आशीष जादौन सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# किसान कांग्रेस की प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 5 जून।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह यादव ने शुक्रवार को सेंवढ़ा एसडीएम अशोक अवस्थी को कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से खाद-बीज की उपलब्धता, अघोषित बिजली कटौती, फसल नुकसान के मुआवजे तथा ई-टोकन व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों की परेशानियों से प्रशासन को अवगत कराया गया। देवेंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान समय में किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। सोसायटी और वेयरहाउसों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। ई-टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है और टोकन मिलने के बाद भी 30 से 35 किलोमीटर दूर जाकर खाद प्राप्त करनी पड़ रही है।

उन्होंने मांग की कि किसानों को उनके क्षेत्र में ही सरल एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत खाद उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में ई-टोकन व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की गई। इसके साथ ही हाल ही में हुई अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की मुआवजा सूची सभी पंचायतों में चस्पा करने तथा पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि वितरित करने की मांग उठाई गई। किसान कांग्रेस ने क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती पर भी नाराजगी जताई। देवेंद्र यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए निर्धारित आठ घंटे बिजली भी नियमित रूप से नहीं मिल पा रही है। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर, डीपी लाइनें और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त पड़े हैं, जिनकी मरम्मत नहीं होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। देवेंद्र यादव ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिवस के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जिला किसान कांग्रेस सैकड़ों किसानों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ सेंवढ़ा से दतिया तक पैदल मार्च निकालेगी। इसके बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा और किसानों के हक की लड़ाई सड़क पर लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# कमथरा गांव में नहर की पट्टी व रास्ता मिटाने का आरोप

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 5 जून।** बड़ौनी तहसील के ग्राम कमथरा निवासी धनीराम प्रजापति ने जिला कलेक्टर को शिकायत सौंपकर गांव के दो लोगों पर नहर की पट्टी एवं खेतों तक जाने वाले रास्ते को जेसीबी मशीन से मिटाने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि सिंध परियोजना की नहर की पट्टी का उपयोग ग्रामीण कई वर्षों से अपने खेतों तक आने-जाने के लिए करते रहे हैं। धनीराम प्रजापति के अनुसार, गांव के जितेन्द्र सिंह कमरिया एवं ब्रजकिशोर अहिरवार ने कथित रूप से देर रात जेसीबी मशीन से नहर की पट्टी को क्षतिग्रस्त कर रास्ता समाप्त कर दिया। इससे किसानों और ग्रामीणों को अपने खेतों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार**

शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने लगभग 20 फीट लंबा पत्थर भी उखाड़कर उनके बोरवेल के पास रख दिया, जिससे वहां तक पहुंचना और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है।

# भरतगढ़ में हो रहा है संयुक्त 5 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 5 जून।** विद्याभारती मध्यभारत प्रांत की योजनानुसार दतिया नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों का संयुक्त पाँच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतगढ दतिया में किया जा रहा जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतगढ, सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेला नगर, सरस्वती शिशु मंदिर मुडियन का कुआँ, सरस्वती शिशु मंदिर उन्नाव रोड एवं डॉ.अंबेडकर सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दीदी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भैयाध्बहिनों में शिक्षण करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आचार्य अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस पर उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना से किया गया। मंचस्थ अतिथियों का परिचय ऋषि पांडे प्रधानाचार्य मुडियन का कुआँ एवं वर्ग बौद्धिक प्रमुख दतिया द्वारा कराया गया, स्वागत सुरेश यादव एवं श्रीमती एकता शर्मा ने श्रीफल भेंट कर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया।

# दुष्कर्म का आरोपी इनामी शनि बाथम गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**सेवढ़ा, 5 जून।** दतिया जिले के सेवढ़ा थाना क्षेत्र में दर्ज दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दतिया श्री मयूर खंडेलवाल के निर्देशन तथा एसडीओपी सेवढ़ा श्री अजय चानना के मार्गदर्शन में की गई।

**सेवढ़ा पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया द्वारा दिनांक 4 मई को थाना सेवढ़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी ने उसके घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार किया तथा घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की शिकायत पर थाना सेवढ़ा में अपराध क्रमांक 25/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 331(4), 351(3) एवं एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1), 3(2)(1) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की विवेचना एसडीओपी सेवढ़ा श्री अजय चानना द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान एकत्रित साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर आरोपी की संलिप्तता प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शनी बाथम पुत्र रामसिया बाथम, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15 रेती डांडा सेवढ़ा को दिनांक 5 जून 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी शनी बाथम के विरुद्ध थाना सेवढ़ा में पूर्व से भी तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति का पता चलता है।

**कार्रवाई में यह रहे शामिल**

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में एसडीओपी श्री अजय चानना, उपनिरीक्षक प्रियंका यादव, प्रधान आरक्षक शिव बालक यादव, प्रधान आरक्षक विनोद यादव, प्रधान आरक्षक कोमेश सिंह, आरक्षक राहुल, आरक्षक नरोत्तम, प्रधान आरक्षक चालक राजाराम यादव एवं आरक्षक हिमांशु पांडे की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम के प्रयासों की प्रशंसा की गई है।

# अवैध रिवॉल्वर सहित युवक गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 5 जून।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर टीआई धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनारा रोड पर पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर जा रहे एक युवक को रोका। पुलिस द्वारा वाहन के दस्तावेज मांगे जाने पर युवक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह होने पर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध रिवॉल्वर बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान अजय परिहार, निवासी सनाई, थाना बड़ौनी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# महाविद्यालय व इको क्लब ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस





**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 5 जून।** इन्दरगढ़ आज शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में छै तथा इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण पर्यावरण दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया

महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी ने सभी को वृक्षारोपण करने तथा अपने द्वारा रोपित पौधे का संरक्षण करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा सभी को पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ दिलाई । इस अवसर पर टेकचंद भारद्वाज, अर्जित चतुर्वेदी, डॉ सरिता सिंह चौहान, एनएसएस प्रभारी डॉ मुकेश कुमार मौर्य, डॉ सचिन गौरीए डॉ शबाना बानोए शुभम तिवारीए सौरभ सैनीए दुष्यन्त कर्ण, मनोज रायकवार, रोहित कुशवाह, उत्तम सिंह बघेल, नीरज कर्ण एवं महाविद्यालय का स्टाफ तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिद्धेश्वर मंदिर भदौना पर विधायक ने किया पौधारोपण





**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 5 जून।** भाजपा ग्रामीण मंडल इंदरगढ़ के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील इंदरगढ़ के ग्राम भदौना में स्थित सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में पौध रोपण का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहेएकार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण मंडल इंदरगढ़ के अध्यक्ष प्रवीण गौर के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता गब्बर सिंह रावतए पंचम सिंह रावतए डॉक्टर रमेश बघेलए किसुन सिंह यादव, कप्तान कोरी, शोभा राम पटवा, रतेंद्र रावत, उदय सिंह रावत, राकेश रावत, अर्जुन सिंह विश्वकर्मा, हरनारायण सेन, अवधेश चौबे, बबलू गुर्जर, बलवीर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई प्रवीण गौर एवं शोभाराम पटवा तथा रतेंद्र रावत द्वारा विधायक श्री अग्रवाल एवं उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स्वागत उपरांत विधायक श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी जानते हैं कि हमारा पर्यावरणए जो हमें शुद्ध हवाए पानी और भोजन देता हैए आज खतरे में है। बढ़ता प्रदूषणए प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग और पेड़ों की कटाई हमारी इस खूबसूरत पृथ्वी को नुकसान पहुँचा रहे हैं ।यदि हमने आज प्रकृति को बचाने के लिए सही कदम नहीं उठाएए तो हमारा भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस हमें सिर्फ एक दिन के लिए पेड़ लगाने की याद नहीं दिलाताए बल्कि यह हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है । आइएए आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करेंगे और इस पृथ्वी को आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा.भरा और सुरक्षित बनाएंगे। इस अवसर पर विधायक एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सिद्धेश्वर मंदिर के प्रांगण में पौधे रोपे गये ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।